# ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में एक गिरफ्तार

## अलवर जिले के ग्राम ककराली मेव का निवासी है आरोपी

**राजसमंद,** (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी और सीआईएसएफ कर्मचारी बन कर फर्निचर बेचने के नाम लाखों रुपये की ऑनलाईन धोखाधडी मामले में साईबर पुलिस थाना राजसमन्द को बडी सफलता मिली है। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड कर साईबर ठग को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी से हुई चार लाख छत्तीस हजार रुपयों की ऑनलाईन ठगी में आरोपी से घटना में प्रयुक्त किए गए 2 मोबाईल फोन व सिम व नकद राशि बरामद की गई है। अलवर जिले के ग्राम ककराली मेव का निवासी है आरोपी एवं उसके साथी सम्पूर्ण भारत में धोखाधडी करते हैं। फेसबुक एवं क्वीकर एप पर फर्निचर बेचने की पोस्ट डाल कर अपने झांसे में ले कर ठगी करते हैं।

एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 13 अप्रैल 2०24 को राजसमन्द जिला कलेक्ट्रेट में कार्यरत राजकीय कर्मचारी ने थाना में एक रिपोर्ट पेश की कि मुझे फेसबुक आईडी पर 6 अप्रैल 2०24 को जिले में पदस्थापित रह चुके एक आईएएस अधिकारी के नाम की फेसबुक आईडी से मैसेज आया व परिचय के बाद कहा गया कि आप मुझे अपना नंबर दो। जिस पर मेरे द्वारा नंबर दिए गए तो मेरे पास वॉट्सअप मैसेज आए। कहा गया कि मैं आर्मी केंप उदयपुर से आशीष कुमार हुं, मेरा स्थानान्तरण उदयपुर से कहीं ओर हो गया है तो मेरे पास दो तीन माह पहले ही खरीदा हुआ फर्निचर है। जिसको बेचना है फर्निचर की फोटो मै आपको भेज रहा हूं। अगर आपको पसन्द आ जाए तो आप मुझे वापस बताओ। मेरे को फर्निचर की आवश्कता नहीं थी लेकिन आईएएस अधिकारी के नाम की आईडी से मैसेज आने से मैने अपने रिश्तेदार को इस फर्निचर की फोटो दिखाए तो मेरे रिश्तेदार को वो सारे फर्निचर के आईटम पसन्द आए व मुझे मंगवाने का कहा। जिसके बाद मेरे वॉट्सअप पर पुन: उस नंबर से वॉट्सअप कॉल आया व मुझे कहा गया कि आपको यह सभी आईटम 8० हजार रुपये में पडेंगे। अगर आपको चाहिये तो आप 3० हजार रुपये मुझे पहले ऑनलाईन भेज दो। उसके बाद उनके द्वारा मुझे एक खाता इंडियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक का आदित्य कुमार के नाम से भेजे। जिस पर मैने अपने खाते से 3० हजार रुपये उनके बताए गए खाते में जमा करा दिए। उसके बाद मैंने वॉट्सअप पर उस व्यक्ति ने एक बिल भेजा। जिसमें सभी आईटम व उनके साथ उनका बिल 80 हजार रुपये का भेजा व कहा कि 50 हजार और भेजिए तो आपका कुल 80 हजार हो जाएगा व आपका फर्निचर आपको मिल जाएगा। जिस पर मैंने अपने खाते से 5० हजार रुपये और उसके द्वारा बताए गए खाता जो उसने अभी डिलीट कर दिया है पर भेजे। उसके बाद मैने फर्निचर नही आने का तकाजा किया तो गेट पास व अन्य बहाने बता कर उस व्यक्ति ने मुझे अपनी बातों में लेकर अलग -अलग बहाने से अलग -अलग खातों में मेरे से लगभग 4,36,000 रुपये हडप लिए।

- **फेसबुक एवं क्वीकर एप पर फर्निचर बेचने की पोस्ट डाल कर अपने झांसे में ले करते हैं ठगी**

मेरे पास डिलीवरी के नाम से मोबाईल से भी कॉल आया। जिसने मुझे कहा कि डिलीवरी चार्ज आप जल्दी जमा कराओ। उसके बाद आज मैंने आईएएस अरविन्द पोसवाल से यह चैट व यह डील के बारे में बात की तो उन्होने समस्त मामले से अनभिज्ञता जाहिर की। तब मुझे अहसास हुआ कि मेरे साथ धोखा हो गया है। मैने साईबर अपराध वेब पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर साईबर पुलिस थाना राजसमन्द पर धोखाधडी एवं आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान थानाधिकारी साईबर पुलिस थाना राजसमन्द श्यामसिंह रत्नू द्वारा प्रारम्भ किया गया। इसके बाद मामले का अनुसंधान थानाधिकारी लक्ष्मणराम विश्नोई द्वारा किया जा रहा है। साइबर पुलिस थाना स्टाफ से विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात मुल्जिम की तलाश के लिए टीम बनाकर टपूकडा, भिवाडी, तिजारा अलवर व नगीना मेवात हरियाणा की तरफ रवाना की गई। टीम के सदस्यों द्वारा 1 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर मामले से संबंधित पूछताछ एवं अनुसंधान से मामले के प्रार्थी के साथ उपरोक्त घटना कारित करना कबूल किया गया। जिस पर आरोपी आसिफ (19) उर्फ आकिल खान पुत्र अफसर खान जाति मेव निवासी ग्राम ककराली मेव अलवर को गिरफ्तार किया गया।

# पीसीसी चीफ डोटासरा 21 को वागड के दौर पर

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक गोविंदसिंह डोटासरा 21 अगस्त को वागड अंचल के दौर पर रहेंगे।

जिलाध्यक्ष पाटीदार ने बताया कि डोटासरा का संभावित दौरा 21 अगस्त को डूंगरपुर में होने से तैयारी बैठक 18 अगस्त को जिला काग्रेस कार्यालय में दोपहर एक बजे रखी गई है जिसमे जिले के तमाम वरिष्ठ नेताए। पूर्व सांसद वर्तमान एवं पूर्व विधायक, वर्तमान एव पूर्व राज्य मंत्री, पूर्व जिला प्रमुख, वर्तमान उप जिला प्रमुख, पूर्व उप जिला प्रमुख,पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, समस्त ब्लॉक, मंडल एवम नगर कार्यकारिणी, वर्तमान एवं पूर्व प्रधान, जिला परिषद सदस्य, नगरपालिका चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, समस्त वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, सभी अग्रिम संगठन यूथ कांग्रेस,महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई एव समस्त विभागों के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण तथा जिले के तमाम कांग्रेसजन अपने साथियों सहित अधिक से अधिक संख्या में होंगे।

# महा रक्तदान शिविर में 162 यूनिट रक्तदान

**डूंगरपुर,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, एमआरएस, जिला चिकित्सालय, जिला स्वास्थ्य समिति एवं नगरपरिषद के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की पहल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैरिज हॉल में कुल 162 यूनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर जिला कलक्टर सिंह की उपस्थिति में प्रात: शिविर के प्रारंभ में अतिरिक्त जिला कलक्टर कुलराज मीणा ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में हंसमुखलाल जैन एवं श्रीमती दीपिका जैन ने रक्तदान कर मणोपरान्त जिला कलक्टर के समक्ष देहादान का घोषणा प्रस्तुत किया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में नगरपरिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, उप सभापति सुदर्शन जैन, समाजसेवी बंशीलाल कटारा ने शिविर अवलोकन किया एवं प्रशंसा व्यक्त की गई। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन डॉ. दलजीत यादव, सचिव डॉ. गौरव यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. कल्पेश जैन, डॉ. महेन्द्र डामोर, डॉ. कौस्तुभ सिंह, डॉ. महेन्द्र कुमार परमार, डॉ. प्रवीण बैरवा, डॉ. अलंकार गुप्ता, डॉ. विपिन मीणा उपस्थित रहे।

शिविर में जिला कलक्टर कार्यालय 28 यूनिट, कृषि विभाग, 11 यूनिट, पशुपालन विभाग 12 यूनिट, जल संसाधन विभाग 4 यूनिट, पीडब्ल्यूडी विभाग 11 यूनिट, जिला परिषद 1० यूनिट, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग 1 यूनिट, स्काउट गाइड 4 यूनिट, जल संग्रहण विकास 5 यूनिट, एवीवीएनएल विभाग 12 यूनिट, चिकित्सालय विभाग 5 यूनिट, डीओआइटी विभाग 12 यूनिट, पीएचईडी विभाग 24 यूनिट, रसद विभाग 2 यूनिट तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग 5 यूनिट, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी 5 यूनिट, रॉयल गु प 5 यूनिट एवं अन्य द्वारा शिविर में रक्तदान किया गया। इस शिविर संयोजक पदमेश गांधी प्रांतीय सदस्य के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के भुवनेश्वर चौबीसा, पृथ्वीराज जैन, राजेश डेडू, मुकेश श्रीमाल, नीरव जैन, विजय जैन आदि उपस्थित रहे।

# सभापति करेंगे ध्वजारोहण

**डूंगरपुर,** (निसं)। देश की आजादी का 78 वां स्वतंत्रता दिवस कार्य्रकम नगरपरिषद में मनाया जाएगा। आयुक्त प्रभुलाल भाभोर ने बताया कि गुरुवार को प्रात: 8 बजे नगरपरिषद कार्यालय में सभापति अमृतलाल कलासुआ ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में समस्त पार्षद,ब्रांड एम्बेसडर, परिषद कार्मिक और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर, वृत्त उदयपुर
(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2024-25/559
दिनांक:-14.8.2024

**-: जाहिर आम सूचना ( दौहरा रजिस्ट्री ) :-**

आवास संख्या 1-क-22 आय वर्ग MIG-A माप 116.00 वर्ग मीटर योजना हिरण मगरी सेक्टर -13 आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री श्याम लाल बंसल को आवंटन पत्र क्रमांक 2854 दिनांक 29.05.1976 जारी कर दिनाक 06.08.1976 को कब्जा दिया गया उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1904 दिनांक 16.10.1987, श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री श्याम लाल बंसल को जारी किया गया इस आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 02.11.1987 को श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री श्याम लाल बंसल द्वारा अपने पक्ष में करवाया गया।

पंजीयन उपरान्त श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री श्याम लाल बंसल ने उक्त आवास मुख्तियार नामा अधिकार- पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 02.11.1987 को श्री इन्द्रमल पुत्र श्री लीलाधर बापडोत को नियुक्त किया गया। श्री इन्द्रमल पुत्र श्री लीलाधर बापडोत ने मुख्तियार नामा धारक की हैसियत से उक्त आवास का बेचान विक्रय विलेख (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 27.12.1988 को श्री प्रताप नारा पुत्र श्री तखतरात नारा को किया गया। श्री प्रताप नारा पुत्र श्री तखतरात नारा ने पुन:उक्त आवास का बेचान दिनांक 06.02.1991 को श्री सुशील चौधरी पुत्र श्री डॉ.अनिल शरण चौधरी को किया गया। श्री सुशील चौधरी पुत्र श्री डॉ.अनिल शरण चौधरी ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया।

श्री सुशील चौधरी पुत्र श्री डॉ.अनिल शरण चौधरी ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय मे निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस, के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 1-क-22, हिरण मगरी सेक्टर-13 आवासीय योजना,उदयपुर का नामान्तरण श्री सुशील चौधरी पुत्र श्री डॉ.अनिल शरण चौधरी के पक्ष में हस्तान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

**उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल,वृत-उदयपुर**

# करंट लगने से तीन बिजलीकर्मी गंभीर घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में हॉस्पीटल के पास 33 केवी जीएसएस में काम कर रहे 2 निगम और एक एफ आरटी के कार्मिक को करंट लग गया है। करंट लगने से 3 कार्मिक झुलस गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तीन में से एक कार्मिक की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके अलावा हिम्मतपुरा गांव में भी काम करते समय एक लाइन मैन झुलसा है। डूंगरपुर जिले के बिजली निगम के अधिशासी अभियंता सीएल रोत ने बताया की हॉस्पिटल के पास स्थित 33 केवी जीएसएस पर रख रखाव के चलते शटडाउन लेकर काम चल रहा था। इस दौरान बिजली निगम के कार्मिक अनूप सिंह और लक्ष्मण व एफ आरटी कार्मिक रमेश काम कर रहे थे। रमेश हाइट पर चढकर काम कर रहा था, वहीं अनूप व लक्ष्मण नीचे काम कर रहे थे। अचानक काम करते समय तीनों को करंट लगा। करंट लगने से तीनों झुलस गए। रमेश के नीचे गिरने से उसके सिर पर भी गहरी चोंट लगी। हादसे के बाद तीनों घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। एफ आरटी कार्मिक रमेश की स्थिति गंभीर बनी हुई है।






**BLOCK DEVELOPMENT OFFICE ,**
**PANCHAYAT SAMITI JHOTHRI**
**DIST. DUNGARPUR (RAJ.)**


LETTER NO:-1083 DATE: 13.08.2024

**E-TENDER NOTICE NO-01/2024-25**

E-Tender Notice are invited for Construction of Hand pump by Panchayat Samiti Jhothri for such UBN No. Details about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving date etc. available at http://sppp.rajasthan. gov.in and http://eproc.rajasthan. gov.in

NIB NO- ZUD2425A0109
UBN NO- ZUD2425WSOB00331

**PRADHAN** **BDO**
**P.S. JHOTHRI** **P.S. JHOTHRI**



# तिरंगा यात्रा रैली से दिया हर घर तिरंगा का संदेश

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित आलोक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ के पूर्व दिवस पर तिरंगा यात्रा रैली व आलोक किड्स प्लेनेट के नन्हें बच्चों ने देशभक्ति से पूर्ण अपनी प्रस्तुतियां देकर आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत आलोक स्कूल के विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा रैली के माध्यम से हर जन को घर-घर तिरंगा फहराने व 78वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया। निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत ने आजादी के पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि घर घर तिरंगा लहराकर हम 78वें स्वतंत्रता दिवस को सम्मान के साथ मनाएं।

तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। अमर शहीदों को भी इस अवसर पर नमन कर देश के लिए दिए उनके बलिदान को याद करें जिनकी वजह से हर भारतवासी आज आजादी की सांस ले पा रहा है। हम तिरंगे को सलामी देकर अपने देशहित व अच्छे कार्यों से राष्ट्र व समाज की सेवा करते रहे। प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी, सहायक प्रशासक ध्ुव कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर इस तिरंगा यात्रा रैली को रवाना किया। बच्चों ने शिवनगर कॉलोनी व गणेश नगर में तिरंगा यात्रा निकालकर, अपने हाथों में तिरंगे को सम्मान के साथ थामकर व देशभक्ति नारे लगाकर देशप्रेम का संदेश दिया व आजादी के दिवस पर अपने अपने घरों की छत पर, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराने का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर आलोक किड्स प्लेनेट के नर्सरी, केजी व प्रेप के नन्हे विद्यार्थियों ने बडे ही उत्साह के साथ आजादी का पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी, सहायक प्रशासक ध्ु व कुमावत व किड्स प्लेनेट प्रभारी पूर्णिमा श्रीमाली ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

नन्हें बच्चें आजादी के आंदोलन से जुडे क्रांतिकारी व नेताओं की वेशभूषा धारण कर आए। कोई सुभाष, भगतसिंह, आजाद तो कोई रानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहब, कोई जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी तो कोई लाल बहादुर व भारतीय सैनिक की वेशभूषा में गर्वित नजर आया। बच्चों ने देशभक्ति कविता, स्लोगन, डांस की प्रस्तुति देकर देशप्रेम का ज्वार उमडा दिया। सोल्जर्स बनकर बेहरीन डांस की प्रस्तुति ने हर किसी का मन मोह लिया। नर्सरी क्लास से धानवी आमेटा, अभिषेक सेन, केजी क्लास से कल्पित, रक्षित, सांची, विदित, दिव्यांश व हेमश्री, प्रेप क्लास से मानस, शिवम, काव्या, रेयांश, नील, शिवानी, मनस्वी व वैदेही आदि ने प्रस्तुति दी।